दिनांक : 28.04.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

मतदाता जागरूकता–प्रदेष

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण का मतदान 7 मई और 13 मई को होने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इन चरणों में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'चलें बूथ की ओर' अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये हैं। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि "कोई भी मतदाता छूटे नहीं, मतदान का यह क्रम टूटे नहीं" को लेकर जिले के बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य मैदानी अमले द्वारा डोर–टू–डोर मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। मतदाताओं को सूचना पर्ची वितरण के साथ ही पीले चांवल देकर मतदान केंद्र पर वोट डालने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। मंदसौर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाईक रैली एक मई को सुबह 8 बजे महाराणा प्रताप चौराहा से पशुपतिनाथ मंदिर घाट तक आयोजित की जाएगी। ग्वालियर में कल सुबह थीम रोड कटोराताल पर "चुनावी राहगीरी" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सांस्कृतिक, बौद्धिक, रचनात्मक व कलात्मक कार्यक्रम एवं पारंपरिक व रोमांचकारी खेलों की प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया।

....

मौसम

अब खबर मौसम की, राज्य के अलग–अलग जिलों में आज भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जहां कुछ जिलों में बारिश से मौसम सुहाना हो रहा है, तो वहीं कुछ जिलों में चढ़ते पारे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने बैतूल, जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, देवास, रायसेन और शहडोल में अलर्ट जारी करते हुए गरज–चमक और आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई है।

आज सुबह से भोपाल में धूप और बादल हैं। नर्मदापुरम, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, नरसिंहपुर, बालाघाट, अनूपपुर के अमरकंटक, दमोह, कटनी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली, खंडवा के ओंकारेश्वर और खरगोन के महेश्वर में भी मौसम बदला हुआ है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से– मालवा–निमाड़, ग्वालियर, चंबल में गर्मी का असर है।

....

तीसरा चरण–प्रचार

प्रदेश में तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर 5 मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले सभी राजनीतिक दल प्रचार में पूरा जोर लगा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ग्वालियर में पार्टी प्रत्याशी भारत सिंह के समर्थन में जन सभा को संबोधित किया, वहीं केंद्रीय मंत्री और गुना–शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 65 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। 10 साल में मोदी जी ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। राजगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के समर्थन में पार्टी नेता दीपक जोशी ने वोट करने की अपील की।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- गुना में मतदान दल के कर्मचारियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण जारी है, इस दौरान मतदान कर्मियों की शंकाओं का समाधान किया जा रहा है।

- आगरमालवा जिले में दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को आज घर से ही मतदान कराया जा रहा है।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बाद नर्मदापुरम–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र की सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें नर्मदापुरम मुख्यालय पर आईटीआई परिसर में बने स्ट्रांग रुम में रखी गई हैं।
- निवाड़ी कलेक्टर ने निर्वाचन कराने में सहयोग के लिए मतदाताओ और निर्वाचन कर्मियों का आभार व्यक्त किया है।

....